रबर में स्थिरता की कोशिश

बैंकाक ◆ फरवरी में नेचुरल रबर के दाम रिकॉर्ड स्तर पर चले गए थे। इसके बाद इसमें करीब एक तिहाई गिरावट आ गई। मूल्य थोड़ा सुधार आते ही औद्योगिक मांग कम होने की आशंका से दुबारा इसमें सुस्ती आने की संभावना बनने लगी है। रबर के मूल्य में भारी उथल-पुथल और अनिश्चितता को देखते हुए रबर उत्पादक देश बाजार में स्थिरता लाने की कोशिश में जुट गए हैं। थाईलैंड सरकार ने हाल में कहा है कि रबर के मूल्यों में सुधार लाने के लिए वह सभी प्रयास करेगी। सरकार का कहना है कि अनस्मोक्ड रबर शीट (यूएसएस-3) रबर के दाम 120 बाट (पांच डॉलर) प्रति किलो से कम नहीं होने दिए जाएंगे।